संख्या–cm-118
22/03/2020

मुख्यमंत्री का संदेश

पटना, 22 मार्च 2020 :– कोरोना वायरस से पूरी मानव जाति संकट में है। हम सब इस महामारी का डट कर मुकाबला कर रहे हैं। आवश्यक सावधनियां भी बरती जा रही हैं किंतु इस बीमारी की गंभीरता को देखते हुये प्रत्येक व्यक्ति का सचेत रहना नितांत आवश्यक है। इसका सबसे अच्छा उपाय सोशल डिस्टेंसिंग है।

कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण से आमलोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये राज्य सरकार द्वारा तत्काल प्रभाव से फिलहाल 31 मार्च 2020 तक के लिये सभी जिला मुख्यालयों, सभी अनुमंडल मुख्यालयों, सभी प्रखंड मुख्यालयों एवं सभी नगर निकायों के **Lockdown** का निर्णय लिया गया है। निजी प्रतिष्ठानों, निजी कार्यालयों एवं सार्वजनिक परिवहन को पूर्णतः बंद किया गया है, परंतु आवश्यक एवं अनिवार्य सेवाओं से संबंधित प्रतिष्ठानों यथा चिकित्सा सेवाओं, खाद्यान्न एवं किराने के प्रतिष्ठान, दवा की दुकानों, डेयरी एवं डेयरी से संबंधित प्रतिष्ठान, पेट्रोल पंप एवं सी0एन0जी0 स्टेशन, बैंकिंग एवं ए0टी0एम0, पोस्ट ऑफिस तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया आदि सेवाओं एवं इन सेवाओं के लिये उपयोग किये जा रहे वाहनों को इस आदेश की परिधि से बाहर रखा गया है।

बिहार के तमाम लोगों से अपील है कि कोरोना संक्रमण के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही इस मुहिम में अपना पूरा सहयोग दें। जब भी संकट का समय आया है तो हमने सभी लोगों के सहयोग से उस पर विजय पायी है। संकट की इस घड़ी में सरकार सभी लोगों के साथ है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम सब साथ मिलकर इस चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करने में सक्षम होंगे। मैं सब लोगों से यही अपील करूँगा कि आप सब लोग अपने घर के अंदर रहें, इधर–उधर अनावश्यक आने–जाने की जरूरत नहीं है। इन सब चीजों से संबंधित सारे मामलों की जानकारी दी जा रही है। समाचार पत्रों के माध्यम से भी जानकारी दी जा रही है। इन सब चीजों का ख्याल रखें और हम सब मिलकर इस परिस्थिति का मुकाबला कर सकते हैं और इसमें कामयाब होंगे।

******